यहा आडवाणी जी बैठे हुए हैं। सुधींद्र कुलकर्णी, मैं उनका नाम इसलिए बोल रहा हूं कि वे एक वक्त भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी के सदस्य थे। बहुत से ऐसे नाम आयेंगे। वे सदन के सदस्य नहीं हैं। इन सब लोगों ने घर के अंदर से वार्निंग दी। मैं वार्निंग की बात कर रहा हूं। लेकिन अफसोस इस बात का है कि जो हर विÂाय पर ट्वीट करते हैं, जो ग्रेट ओरेटर हैं, जिन्हें देश के लोगों ने बहुत आशा से देश का नेता चुना, सिर्फ सरकार का नेता नहीं चुना। पूरे विश्व के सामने देश को एक सम्मान की जगह पर ले जायेंगे, ऐसी उम्मीद की गयी। विकास पहला मुद्दा होगा, सबका साथ होगा। आपको याद है कि पहले दिन जब पूणे में सिद्दीकी टेक्नोलाजिस्ट की हत्या हुई, तो लोग इंतजार कर रहे थे कि ट्वीट हो। जब जन्मदिवस पर होता है, कुर्ते या कोट पर होता है, तो कम से कम उस पर भी होना चाहिए था। खैर, एक आध विÂाय नहीं है। दादरी कांड हुआ। उससे पहले कलबुर्गी की हत्या हुई, पंसारे की हत्या हुई। उससे पहले दाबोलकर की हत्या हुई। आज हम यह चर्चा किसलिए कर रहे हैं? We want a rationale India. We want a secular India. This is not the making of a day. यह एक दिन में नहीं होता। सभ्यता एक दिन में नहीं बनती।

सरकारें आती-जाती हैं। हम सब यहां किरायेदार हैं। कोई यहां का मालिक नहीं हैं। आपने पांच साल के लिए एक कार्यक्रम जनता के सामने अपनी तरफ से दिया, जिसे भारी संख्या में लोगों ने सराहा। यही तो लोकतंत्र की ब्यूटी है। वहां पर हमने यह देखा कि कहीं न कहीं, जब एनडीए की सरकार थी, उस समय हम हिडन एजेंड़ा कहते थे, तो लोग कहते थे कि हिडन एजेंड़ा क्या है? अभी हिडन एजेंडा नहीं है, सब कुछ खुल्लमखुल्ला है, सब कुछ दिखता है। हमने सरकार से ट्रांसपेरेंसी मांगी थी, काले धन की वापसी, भ्रÂाटाचार खत्म। कहा गया फ्रिन्ज एलीमेंट्स। पहले कहा गया छुटपुट, फिर कहा गया फ्रिन्ज एलीमेंट्स। कौन से फ्रिन्ज एलीमेंट्स? सदन के सदस्य, मंत्रिमंडल के सदस्य? दलित बच्चे की हत्या होती है, जांच करके देखा जाएगा। लेकिन सवाल है कि हमारी यह कौन सी संस्कृति है कि जब मुसलमान या दलित की बात आएगी तो कुत्ते का पिल्ला याद आ जाएगा एनोलॉजी में। यह तो इंसानियत के खिलाफ है, यह धर्म का मामला नहीं है। समझदारों के लिए इशारा ही काफी है, अभी मैं बोल रहा हूं, मैं सहनशीलता की बात कह रहा हूं, हमें ऐसे मंत्री को भी सहन करना पड़ रहा है, झेलना पड़ रहा है। ...(व्यवधान) बात यह थी कि जो हमारे प्रांत में हैं, गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़े, अपाहिज, को किस तरह से मेन स्ट्रीम में ले आएं। आजादी के बाद तो यही सबसे बड़ी सोच है। हमारे संविधान ने यही निर्देश दिया है कि हम इन्हें मुख्यधारा में ले आएंगे। कहां से फ्रिन्ज एलीमेंट्स नया तैयार हो गया? ये फ्रिन्ज एलीमेंट्स नहीं हैं, हब एंड स्पोक कन्सेप्ट है, जैसे बिजनैस प्रपोजिशन में होता है वैसे राजनीतिक प्रोजेक्ट में हो रहा है। हम खामोश हैं और स्पोक चक्कर लगा रहा है। पूरे देश में संदेश क्या जाता है? रविन्द्रनाथ टैगोर जी की बात यहां बार-बार की जाती है, मैं बंगाल से आता हूं।

ओन्नाय जे कोरे, ओन्नाय जे शोहे,

तोबो घृना जेनो तरे तृनोशोमो दोहे।

जो अन्याय करता है और जो अन्याय सहता है, दोनों एक समान हैं, दोनों का अपराध समान होता है। कोई सहन नहीं करना चाहता है, चाहे कोई राइटर हो, शायर हो, अपना सम्मान, पूरी जिंदगी की कमाई वापस कर रहे हैं और हम उनकी सोशल मीडिया, अखबार, प्रैस कांफ्रेंस में धज्जियां उड़ा रहे हैं। हमेशा हर दौर में ऐसा हुआ है, राजा रजवाड़ों के दौर में हुआ है जब लोकतंत्र नहीं था। सब विदूÂाक नहीं होते, सब साइकोफेन्ट्स नहीं होते। आप टाइम्स स्कवेयर की आवाज सुन सकते हैं और इस समय की बात नहीं सुन सकते कि हिंदुस्तान में क्या हो रहा है, करंट अफेयर्स में क्या हो रहा है? यह सुनना जरूरी है, इसके लिए जमीन पर कान लगाने की जरूरत नहीं होती है, थोड़ी आउटगोइंग कॉल के साथ इनकमिंग कॉल भी रखनी चाहिए कि क्या कॉल आ रही है। अगर एक ही मोड में होगा तो दिक्कत हो जाएगी। मुझे ऐसा लगा कि आउटगोइंग कॉल तो है, मन की बात हो रही है, धन की बात हो रही है, तन की बात हो रही है लेकिन देश का मन क्या बोल रहा है, कहां दहल रहा है, यह बात सामने नहीं आ रही है। उसके लिए बिहार के चुनाव की जरूरत हो गई? उसके लिए चुनाव के नतीजे का इंतजार करना पड़ा? क्या हम यहां बहस करने इसलिए आए थे? यह

सवाल नहीं था, सवाल था कि दाल क्यों 200 रुपए किलो हो गई? प्याज क्यों 70-80 रुपए किलो हो गया? एक व्यापारी सत्ता के गलियारे के करीब होने के कारण क्यों देश की सारी दाल गोदाम में भर लेगा और दाल की कीमत से करोड़ों रुपए का फायदा हो जाएगा? सवाल यह नहीं है कि किसके घर में क्या खाना पक रहा है, छोटे का है या बड़े का है, बकरे का है या गाय का है? सरकार की जिम्मेदारी, राजनीति की जिम्मेदारी, राजनैतिक संगठन की जिम्मेदारी, सांस्कृतिक संगठन की जिम्मेदारी यह नहीं है कि हम मछली पका रहे हैं या नहीं पका रहे हैं या कुछ नहीं पका रहे हैं? हम रोहु पका रहे हैं या हिल्सा बना रहे हैं? सवाल यह है कि इस देश में जिसका चूल्हा नहीं जल रहा है, जिसकी हांडी में खाना नहीं है, सरकार को उसकी तरफ देखना पड़ेगा, राजनीति को उसकी तरफ देखना पड़ेगा। हम मुद्दे को बदल रहे हैं। सवाल खाद्य सुरक्षा का था ताकि हर गरीब को भरपेट खाना मिले, बेरोजगार को काम मिले, महंगाई थोड़ी कम हो, मैलनरिशमेंट कम हो, कुपोÂाण के शिकार बच्चों को पौÂिटक आहार दिया जाए। इसके बजाय अख्लाक अहमद को मारना पड़ा, कुर्बानी का बकरा बनाना पड़ा, कुर्बानी के बाद उसके घर क्या खाना बना। हमें लज्जा आनी चाहिए कि उसका बेटा जो भारत की एयर फोर्स में है, मैंने मीडिया में देखा, उसके बावजूद भी लोग कहते हैं कि क्या करेंगे, कुछ कहते हैं कि इधर चले जाओ, उधर चले जाओ, वह सरफरोश कहता है कि "सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा।" That's the spirit of India. यह एक चुनाव के आंकड़े से बदलता नहीं है। यह एक सरकार के कहने से नहीं होता है। ये सदियों का है। कहां से हिम्मत मिली? ये फ्रिन्ज एलीमेंट्स सेंटर में कैसे आ गये? गृह मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं। मैं दूसरे मंत्री के नाम से पहले गृह मंत्री से शुरु करना चाहता हूं। संविधान का मामला भी उनके विभाग का है। जब चुनाव के बाद मोदी जी सत्ता में आए, भाÂाण में क्या कहा गया- ...□ क्या यह लोक तंत्र की दुहाई है? क्या यह सैकुलेरिज्म की दुहाई है? क्या यह संविधान की दुहाई है? किसकी ओर इशारा कर रहे हैं? I can quote: I quote: ...* जब आप इलैक्शन की क्विट्री के बाद ...(व्यवधान) गृह मंत्री जी बोले।...(व्यवधान)

श्री गणेश सिंह (सतना) : कौन बोले? कब बोले? ...(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : क्या आपको मुझे ऑडियो वर्जन देना पड़ेगा? अच्छा है, वे खड़े होकर बोल दें कि हम ऐसा नहीं बोले। फिर बाकी हम देखेंगे। वे खड़े होकर बोल दें।...(व्यवधान)

गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) : माननीय अध्यक्ष जी, मोहम्मद सलीम जी बहुत पुराने हमारे मित्र हैं और उन्होंने मेरे ऊपर बहुत ही गंभीर आरोप लगाया है। मैं उनसे पूछना चाहूंगा कि मैंने ये सब कहां बोला है? मैंने किस अवसर पर ये बोला है? ये पूरे सदन को बताएं अथवा उन्हें सदन के सामने क्षमा-याचना करनी होगी। ऐसे आरोप नहीं लगाने चाहिए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं, नहीं, ऐसा नहीं है।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : अच्छी बात है, अगर ये नहीं बोलते हैं। मैं तो चैलेंज दे रहा हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं, नहीं, ऐसे नहीं है। क्या उन्होंने ऐसा कहा?

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इन्होंने कहीं से पढ़ा है। I am sorry. क्या आपने कहीं से पढ़ा है?

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : हां। मैं तो बोल रहा हूं। मैं तो चुनौती दे रहा हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : उनको बोलने दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : संघ परिवार की बैठक में,...(व्यवधान) आपका निवेदन था। मैं इस तकरार में जाकर इस बहस को मारना नहीं चाहता। गृह मंत्री जी ने कहा कि यह ...□ साल का सवाल उन्होंने नहीं बोला, जो मैंने कहा, वह मैं रिपीट नहीं करना चाहता।...(व्यवधान) मैं कह रहा हूं कि जब मीडिया में उस ...(व्यवधान) उस सम्मान के कार्यक्रम के बाद मीडिया में रिपोर्ट आई, गृह मंत्री हैं, ...(व्यवधान) तो वो उसके खिलाफ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठिए। मैं यहां बैठी हूं। वे उनका जवाब देंगे। प्लीज, आप बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : This is the tyranny of majority. ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आदित्यनाथ जी, एक मिनट बैठिए। मोहम्मद सलीम जी, क्या आपने ये कहा करके आपने किसी रेफरेंस में ये पढ़ा और वह वक्तव्य आपने कहा कि गृह मंत्री का है? गृह मंत्री ने आपसे पूछा कि कब और क्या कहा? वह आप बताओ। उन्होंने कब कहा?

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम: कवर पेज है। November 16 issue of `*Outlook*' - Pakistanisation of India. ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप एक मिनट के लिए बैठ जाएं।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : आप इसका खंडन वहां कीजिए। I want to see; you write a letter to the Editor. The writer of the article is Mr. Pranay Sharma....(व्यवधान) वे आथेंटिक रिपोर्ट करते हैं।...(व्यवधान) मैंने यह नहीं कहा है कि आपने यह सदन में कहा है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गृह मंत्री जी ने जो कहा है, उसका उत्तर दीजिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मोहम्मद सलीम जी, ऐसा मत कीजिए। मैंने शुरू में ही कहा था इसलिए कि हर कोई जिम्मेदारी से, आपने कोट करके कहा कि ये उनके वाक्य हैं। आप मेरी पूरी बात सुनिए क्योंकि मुझे आपको भी संरक्षण देना है और उन्हें भी संरक्षण देना है। मैंने आपको बोलने का मौका दिया। गृह मंत्री जी ने आपसे पूछा कि कब कहा, कौन-सी सभा में कहा। आपने केवल वाक्य कोट किया है। उनका कहना है कि उन्होंने नहीं कहा है। कौन-सी सभा में कहा है, यह भी आपको बताना चाहिए। नहीं तो आरोप नहीं लगाना चाहिए। आप देश के गृह मंत्री पर आरोप लगा रहे हैं, संसद में लगा रहे हैं।

श्री मोहम्मद सलीम : महोदया, अब तक मेरा दुर्भाग्य नहीं हुआ कि मैं आरएसएस की बैठक में उपस्थित हुआ।...(व्यवधान) मैं सच्चाई बता रहा हूं मैं आरएसएस की बैठक में नहीं बैठता हूं। क्या

आपको इस पर भी आपत्ति है? ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप क्लीयर कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप गृह मंत्री जी की बात क्लीयर कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : ये तमाम संगठन हैं और इनकी जो कार्यवाही होती है, उसकी कार्यकारिणी हमारे पास नहीं आती है लेकिन टेलीविजन में, अखबार में रिपोर्ट आती है, फोटोज़ आते हैं। दुनिया की जो नम्बर वन मैगजीन्स हैं, उनमें से एक मैगजीन "आउट लुक" से मैंने कोट किया है।...(व्यवधान) राजनाथ जी हमारे पुराने मित्र हैं। मैं उनका सत्कार करता हूं और वे उठकर कहें कि उन्होंने ऐसा नहीं कहा है।...(व्यवधान) I want to see the Home Ministry send a notice to this correspondent कि तुमने गलत बयान क्यों दिया, जिसकी वजह से इतनी झड़प हो गई।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Is it there on his name?

श्री मोहम्मद सलीम : अगर यह गलत बात है, तो खंडन कीजिए।...(व्यवधान)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam Speaker, there are certain rules which this House has framed. If I am going to accuse any Member in this House, I have to give notice. I am only saying, please follow the rules when we are debating. We cannot be prejudiced. I would like to know whether any notice has been given to you. If I am going to accuse anyone of them, I have to give notice in advance. ...(*Interruptions*) I am not going into that aspect. But there is a specific rule. Rule 352 (ii) and Rule 353 may be looked into. Rule 352 (ii) says:

> "make personal reference by way of making an allegation imputing a motive to or questioning the *bona fides* of any other member of the House..."

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri Bhartruhari Mahtab says.

...(*Interruptions*)â€¦□

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB: Madam, Rule 353 says:

> "No allegation of a defamatory or incriminatory nature shall be made by a member against any person unless the member has given adequate advance notice to the Speakerâ€¦"

...(*Interruptions*)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA (GUNA): Who is making an allegation here? ...(*Interruptions*)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Madam, Mr. Scindia is more educated, he understands English much better. But I am only referring to the Rule Book. My only submission is, we are in a very important discussion. Let us follow the rules. I think, Madam, you have to bring this House in order as per the rules that have been framed....(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : मेरा मो. सलीम जी से यही कहना था क्योंकि यहीं आमने-सामने बात हुई है। मेरे वाक्य को भी आप ध्यान में रखें। देश के गृह मंत्री पर आपने एक प्रकार से कुछ आरोप लगाये। उन्होंने भी खड़े होकर आपसे कहा कि मैंने यह नहीं बोला है, आप स्थान, समय बताएं। अब उसमें भी ऐसा लिखा है कि गृह मंत्री ने यह बोला; whether that reporter has said something like that what you are quoting. एक बात ऐसी भी है कि उस पर से कोट करके आप बोलेंगे, उसके लिए भी आपको पहले, what he is saying is also correct, नोटिस देना पड़ेगा।..(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : आपका कहना सही है। गृह मंत्री भी खड़े होकर बोले कि हम यह नहीं बोले हैं। दूसरी बात, मैं व्यक्तिगत रूप से या राजनीतिक रूप से...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : उसमें यह लिखा है कि गृह मंत्री ने बोला है।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : सुन लीजिए, मैं बोल रहा हूँ। ...(व्यवधान) I will show you. ...(*Interruptions*) The reporter has said: "The current strife is uncharted territory. It has the imprimatur of the .....□ (to quote Union Home Minister Rajnath Singh on Modi's election victory). ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Who said it?

...(*Interruptions*)

श्री मोहम्मद सलीम : पूरे देश ने सुना है कि पृथ्वीराज चौहान के बाद पहली बार हमारे देश में शासन में...(व्यवधान) इंडियन होम मिनिस्टर कौन हैं? ...(व्यवधान) मैं तो कोट कर रहा हूँ। ...(*Interruptions*) I will lay it. Madam, you allow me....(*Interruptions*) Let the Parliament take cognizance of this why such things are going on in the name of the Home Minister. I also want to know that. ...(*Interruptions*) मैं जानना चाहता हूँ। ...(व्यवधान) I will lay it...(*Interruptions*) I will authenticate....(*Interruptions*) मैं भी रूल्स जानता हूँ।...(व्यवधान) If I am quoting something from a paper, I will authenticate and submit it to the hon. House. You allow me to do this....(*Interruptions*) I will authenticate and submit it. This is what I am saying. I know the rules....(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: This is not proper.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आज ऐसे ही बहुत-से प्रसंग आएंगे।

...(*Interruptions*)

श्री मोहम्मद सलीम : इसे पूरा विष्य पढ़ रहा है। ...(व्यवधान) मैंने इसमें एक शब्द भी नहीं जोड़ा है।

HON. SPEAKER: Prof. Saugata Roy *ji*, do you want to say something?

PROF. SAUGATA ROY(DUM DUM) : Madam, it is true that if some Member levels an allegation against a Minister or a Member, he has to give a previous notice with authentication. That is the normal rule which was quoted: Rule 352 (2)....(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Rightly also.

PROF. SAUGATA ROY: It was quoted by Shri Bhartruhari Mahtab....(*Interruptions*) It is true and it is correct. But the other point is that this is an issue of *Outlook* dated 16th November. So, two weeks have elapsed since then. *Outlook* is a major magazine in the country. If it was not true, the Home Minister should have taken note and issued a denial letter to *Outlook* which, he being the Home Minister, would have been published all over the country....(*Interruptions*) Why did the Home Minister not do that, is a question. So, whether Mr. Salim is right or wrong, the Home Minister did not object that he had called Narendra Modi the first Hindu ruler after Prithviraj Chauhan. Now, that point he has to clarify. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: That is why, he has also clarified and he has also clarified.

PROF. SAUGATA ROY : He simply has not done that. That is why his defense is not warranted. That is all I want to say. हर मंत्री का नाम बोलेंगे, कुछ न कुछ निकल आएगा दस्तावेज।...(व्यवधान)

SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI (NEW DELHI): Madam Speaker, this is a matter of breach of privilege. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप जब बोलेंगी, तब इसके बारे में बोलिए।

श्री मोहम्मद सलीम : आपने अच्छा कहा है मैडम, मेरे कुछ और भी प्वाइंट्स थे, अब मैं उन पर नहीं बोल रहा हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : संसदीय कार्यमंत्री जी इसी के संदर्भ में कुछ कह रहे हैं।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): मैडम, हम लोगों ने पहले से तय किया था कि इस तरह की चर्चा में किसी प्रकार की ऐसी टिप्पणी या आरोप नहीं लगाएंगे, जिसके कारण वातावरण खराब हो।

माननीय अध्यक्ष : बोला है, वह रिक्वेस्ट है।

*m02

श्री राजीव प्रताप रूडी: महोदया, उन्होंने जो चर्चा की है और जिस प्रकार का संवाद पूरे देश में पहुंचाने का प्रयास किया है कि देश के गृहमंत्री ने इस प्रकार का बयान दिया है, जबकि देश के गृहमंत्री ने स्पÂट किया है कि इस प्रकार का कोई बयान उन्होंने नहीं दिया है। यदि आप चाहते हैं कि सदन ठीक से चले तो जब तक इस तथ्य की सत्यता प्रमाणित नहीं हो, इस बयान को माननीय सदस्य वापस लें ताकि हम सदन की कार्यवाही को चला सकें। जब तक इसकी सत्यता प्रमाणित नहीं होती है, तब तक माननीय सदस्य इस वक्तव्य को वापस ले लें ताकि सदन ठीक प्रकार से चले, अन्यथा इस प्रकार का आरोप, जो पूरा देश देख रहा है, पूरे देश को एक ऐसे वातावरण में धकेलेगा जो सबके लिए खतरनाक हो सकता है। यह एक ऐसा बयान है जो देश के लिए खतरनाक हो सकता है। सदन की कार्यवाही के लिए यह आवश्यक है कि इस प्रकार के बयान से परहेज करते हुए, अभी उस टिप्पणी को अलग रखें, तब तक उसकी सत्यता प्रमाणित न हो जाए। मेरा यह आग्रह है कि अगर आपको सदन चलाना है तो मेरा सरकार की तरफ से आग्रह है कि इस प्रकार के बयान न दें। हम उनकी बात सुन चुके हैं, देश भी सुन चुका है, लेकिन देश में इस प्रकार का वातावरण न बने कि देश के गृहमंत्री ने इस प्रकार का बयान दिया है, हमारा माननीय सदस्य से यही आग्रह है कि आप इस बयान की सत्यता प्रमाणित होने तक स्वयं को इस बयान से अलग कर लें या विदड्रॉ कर लें, सदन आपकी बात सुनने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

माननीय अध्यक्ष : वह नियम ही बोल रहे हैं।

श्री राजीव प्रताप रूडी: इस बयान को उनको अलग रखना पड़ेगा, जब तक इसकी सत्यता प्रमाणित न हो जाए। अगर यह बात कर लें तो हम सामान्य रूप से सुन सकेंगे, अन्यथा इस आरोप के बाद हमारे लिए इस सदन में बैठे रहना कठिन होगा।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग बैठिए।

â€¦(व्यवधान)

SHRI MOHAMMAD SALIM : Madam, the whole country is watching us. We have to be sober. ...(*Interruptions*)

SHRI RAJIV PRATAP RUDY: You cannot make a statement against the Home Minister who has categorically refuted it. You are trying to hold it....(*Interruptions*) You have to withdraw your sentence till the fact is found out. ...(*Interruptions*) Hon. Member has to withdraw his sentence and then continue. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप क्या बोल रहे हैं?

SHRI MOHAMMAD SALIM : Madam, I would like to read Rule 352 (ii) together with 349. Rule 352 (ii):-

> "Personal reference by way of making an allegation imputing a motive to or questioning the *bona fides* of any other member of the House unless it be imperatively necessary for the purpose of the debate being itself a matter in issue or relevant thereto; "

The issue is 'growing intolerance' और उससे उत्पन्न स्थिति। हमने कहा कि यह फ्रिंज एलिमेंट्स का मामला नहीं है, and come to the hub, मेन जगह पर आओ।...(व्यवधान) उस पर अगर कोई कहे तो उस पर कार्रवाई हो, मेरे ऊपर भी हो। I am ready for that. ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपने भी, जैसा भतृहरि महताब जी ने भी कुछ प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाया है, आपकी बातों पर माननीय गृहमंत्री जी ने भी कुछ बातें कही हैं, आपने भी कुछ कागज ऑथेंटिकेट

करके दिया है, इन सभी को I will have to see. यह होने के बाद ही मैं कुछ बात करूंगी। अभी आप कंटीन्यू कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: I will have to see all these things.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I will have to examine it and then I can give any ruling but not before that.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I will have to examine it और तब तक आपके ये शब्द रिकॉर्ड में नहीं जाएंगे। I will have to examine it, that is what I am saying.

*m03

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदया, श्री मोहम्मद सलीम जी ने जो कुछ भी कहा है, उससे मैं आहत हूं। मैं यह भी बतलाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय जीवन में आज जितना मैं आहत हुआ हूं, अध्यक्ष महोदया, अपने जीवन में कभी उतना आहत नहीं हुआ हूं। मैं समझता हूं इस प्रकार का स्टेटमेंट यदि कोई गृहमंत्री देता है तो उस गृहमंत्री को अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। अध्यक्ष महोदया, मैं आपका संरक्षण चाहता हूं। मैं इससे बहुत आहत हुआ हूं। इस सदन के सारे सम्मानित सदस्य जानते हैं, केवल सदन के सदस्य ही नहीं, हिन्दुस्तान की मॉइनारिटी कम्यूनिटीज के इंसान भी जानते हैं कि राजनाथ सिंह इस प्रकार के स्टेटमेंट कभी नहीं दे सकते। मैं बराबर जब बोलता हूं, सोच-समझकर बोलता हूं, नाप-तौल कर बोलता हूं। मैं आहत हुआ हूं, अध्यक्ष महोदया, मैं आपका संरक्षण चाहता हूं।

13.00 hours

माननीय अध्यक्ष : मैंने इसीलिए कहा है कि जो भी कुछ बोला गया है, उसको मैंने रिकार्ड में नहीं रखा है। दूसरा, मैंने कहा था कि उस रूल के अनुसार नोटिस देना चाहिए। तीसरी बात यह है कि माननीय गृह मंत्री जी ने यह बात कही है कि उन्होंने नहीं बोला है। आपने किसी एक पत्रिका की बात को ऑथेंटिकेट मानकर रखा है। So, I will have to examine it. मैंने पहले भी बोला था कि देश के गृह मंत्री पर इस तरह के आरोप लगाना, जिसके बारे में मैंने शुरूआत में भी बोला था, ध्यान रखने की आवश्यकता है। So, I will have to see it. आज यह बात रिकार्ड पर कहीं नहीं रहेगी, कहीं भी नहीं रहेगी। हम सभी लोग बोलते समय सावधानी से बोलें। भर्तृहरि महताब जी ने बिलकुल सही कहा है कि उस रूल के अनुसार हम लोग रोज़ उठ कर एक-दूसरे पर आरोप लगाएं, वह भी विदआउट नोटिस, यह ठीक नहीं है। इससे हम पूरी चर्चा में बचें ताकि बार-बार हमें रूल की किताब हाथ में नहीं लेनी पड़े।

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदया, बहस आगे बढ़ाने से पहले, उनको माफी तो मांगनी पड़ेगी।...(व्यवधान)

अब जब गृह मंत्री जी ने स्पÂट रूप से बोल दिया है...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: He has agreed.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Shri Mohammad Salim, I think, you have also agreed. आपने भी कहा है।

श्री मोहम्मद सलीम : मैडम, रूल की बात हो रही है। रूल 349 (ii) है, मैं आपका संरक्षण चाहता हूं।

I quote Rule 349 (ii). It says:

"A member shall not interrupt any member while speaking by disorderly expression or noises in any other disorderly manner; â€¦."

माननीय अध्यक्ष : गृह मंत्री जी ने कह दिया है कि उन्होंने नहीं कहा है।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Let him speak.

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : मेरी ऐसी कोई मंशा नहीं है। मैं 25 साल से ज्यादा समय से सांसद रहा हूं। मैंने कभी किसी के नाम पर कोई प्रिवीलेज नोटिस नहीं दिया है, चाहे इस सदन में हो या दूसरे सदन में हो। न कभी किसी पर कोई लांछन लगाया है।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Please sit down.

Shri Mohammad Salim, please continue. The interruptions will not go on record.

...(*Interruptions*)â€¦□

श्री मोहम्मद सलीम : न कभी किसी पर लांछन लगया है।...(व्यवधान) मंत्री महोदय ने कहा कि वे आहत हुए हैं। उनको आहत करने में मेरा कोई कुसूर नहीं है, मैं क्यों उनको आहत करूंगा? जिस काम को सेन्ट्रल आईबी को, पुलिस विभाग को और खुफिया एजेंसियों को करना चाहिए था कि आपका नाम इस तरह के आर्टिकल में लिखा है। उस काम को मैंने कर दिया है और उसे आपकी नज़र में इस सदन के ज़रिए ले आया हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप जल्दी अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री मोहम्मद सलीम : इसके बाद आसन से आपने जो निर्देश दिया है, मैं उसको मानता हूं। मेरी बात के बारे में आपने कहा, मंत्री जी ने भी कहा है, उसके बाद मैंने उसको छोड़ दिया। आपने कहा कि दोनों बातों को मैंने रिकार्ड में नहीं रखा। आप चर्चा करेंगी और सरकार की तरफ से भी इस बात को देखा जाएगा। हम भी कोशिश करेंगे।

माननीय अध्यक्ष : आप भी गृह मंत्री जी पर विश्वास रखेंगे।

श्री मोहम्मद सलीम : बिलकुल। दादरी कांड के बाद जब सरकार चुप थी तब होम मिनिस्टर जी ने ही सबसे पहले लोगों को आश्वस्त करने के लिए बयान दिया था। हम उनको आहत नहीं कर रहे हैं। हम उन पर कोई लांछन नहीं लगा रहे हैं। लेकिन यदि आउटलुक मेगजीन में ऐसा निकलता है तो पूरे विश्व का आउटलुक मंत्री महोदय के बारे में ऐसा बन जाएगा और ऐसा हम नहीं चाहते हैं। मेरा ऐसा आउटलुक नहीं है। जब इन्होंने कहा कि आपने कहां से बोला तो मैंने कहा कि आउटलुक पत्रिका से कोट किया और वह हमारा अधिकार है। आप उसको देख सकते हैं।...(व्यवधान) आसन से जो कहा गया है, वह मेरे सिर माथे पर। मैं सब की बात नहीं सुनुंगा।...(व्यवधान)

DR. KIRIT SOMAIYA (MUMBAI NORTH EAST): Madam Speaker, he must withdraw his statement. ...(*Interruptions*) He is not withdrawing his statement. He must withdraw his statement. ...(*Interruptions*)

SHRI RAJIV PRATAP RUDY: Madam, my only submission is that a statement has been made by Shri Mohammad Salim. Till the authenticity of this statement or this instance is verified, he should withdraw it. That is what we are saying, and then he can carry on. That is so simple. I am saying it so simply....(*Interruptions*)

SHRI P. KARUNAKARAN (KASARGOD): He is ready to obey the Chair...(*Interruptions*) It is not the verdict that the Chair has given...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I understand.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : मेरा इतना ही कहना है अगर आप सोचो तो मो.सलीम जी की यह बात भी ठीक होगी कि अगर आपकी बात पर या आपने किसी संदर्भ में जो स्टेटमैन्ट पढ़ा है और जब गृह मंत्री जी ने कुछ कहा है कि he has not said something, तो फिर आपको गृह मंत्री पर विश्वास रखकर उसे वापस लेना चाहिए, मुझे लगता है कि उसमें भी चर्चा चलेगी if he is saying and if you have anything. When he is denying it, तो बात बनती है।

श्री मोहम्मद सलीम : क्या मैं कोई मनगढंत बात कर रहा हूं, मैंने कहा कि इस मैगजीन से मैं कोट कर रहा हूं ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपने खुद तो नहीं सुना है।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : वह बयान गलत है...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपने तो नहीं सुना है।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : लो कर लो, मैं खड़ा हूं, क्या करेंगे, क्या मुझे फांसी पर चढ़ाओगे, सूली पर चढ़ाओगे...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Hon. Members, please. I am sorry, this is not the way.

...(*Interruptions*)

श्री मोहम्मद सलीम : चढ़ाओ सूली पर चढ़ाओ।

माननीय अध्यक्ष : यह ऐसे नहीं चलेगा। I am sorry.

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 14.05 hours.

13.06 hours

The Lok Sabha then adjourned till Five Minutes past Fourteen of the Clock.

14.05 hours

The Lok Sabha reassembled at Five Minutes

past Fourteen of the Clock

(Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

*m04

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): उपाध्यक्ष महोदय, जिस विÂाय को ले कर चर्चा चल रही थी, उसमें मो. सलीम साहब ने देश के गृह मंत्री के बारे में एक टिप्पणी की और उन्होंने एक अखबार का रेफरेंस देते हुए उस विÂाय को कहा था। उसके बाद उन्होंने काग़ज़ को ऑथेंटिकेट किया और कहा कि यह काग़ज़ है। स्पीकर महोदया ने इस पूरे विÂाय का संज्ञान लिया है। मो. सलीम द्वारा जो तथ्य रखे गए थे वे सर्वविदित हैं और गृह मंत्री जी ने भी कहा है कि यह बिल्कुल गलत है। उन्होंने जिस प्रकार से विÂाय को रखा है और मैं ऐसा समझता हूँ कि इस बीच में मो. सलीम साहब ने भी अध्ययन कर लिया है। हमारा उनसे अभी आग्रह है कि यह विÂाय अपने आप में बड़ा महत्वपूर्ण है। जब तक उस बात की सत्यता प्रामाणित नहीं हो जाती है, उस बयान को वापस ले लें तो हमें कोई कठिनाई नहीं है, सदन की कार्यवाही सामान्य रूप से चल सकेगी। माननीय सदस्य से मेरा फिर से आग्रह है कि आपने जो विÂाय रखा माननीय गृहमंत्री जी ने उसे स्पÂट तौर से कहा है कि यह मैंने नहीं कहा है। जब देश के गृहमंत्री ने यह वक्तव्य आपके और सदन के समक्ष रखा है तो मुझे भी

यह विश्वास है कि आप उस विÂाय को पूरे संज्ञान में लेते हुए, उस वक्तव्य को वापस ले लेंगे। हाँ यह बात सही है कि किसी मैगज़ीन ने उसको कोट किया है, जिसको आपने यहां कोट किया है, आपने उसको ऑथेंटिकेट भी किया है। लेकिन आप उस घटना को ऑथेंटिकेट नहीं कर रहे हैं, क्योंकि उसकी सत्यता आपके पास नहीं है। हमारा आपसे आग्रह है कि इस पूरे बयान को आप वापस लें, ताकि सदन की कार्यवाही ढंग से चल सके।

श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, इसमें मेरी स्पÂट बात यह है कि मैं जो बयान दे रहा हूँ, उसके ऊपर यदि संसदीय कार्य राज्य मंत्री यह कहें कि जब तक इसको आप वापस नहीं लेते, तब तक सदन की कार्यवाही नहीं चलने देंगे। ...(व्यवधान) यह भी सहनशीलता का एक अभाव है, जिस मुद्दे पर हम बात कर रहे हैं। ...(व्यवधान) मैंने पहले भी कहा और अभी भी कह रहा हूँ,Sir, for your benefit, when I quoted from *Frontline,* why I said that? I am sorry, I quoted from *Outlook.* I am giving undue advantage to *Frontline* also. It is because they asked me from where I was quoting this. I said this is the article. I authenticated that. Now, this is ridiculous that the Minister is saying that as long as I cannot prove the truth, no further proceedings will continue. How come? I cannot. What I said was, I quoted and I put it. Now, if the Minister says, no, then it is up to the Minister and the Government of India. With their own might, let them take action. How can I? As a reader, I purchased the magazine. I read it and I quoted it. I have the right. Now if there is anything wrong, let him take action....(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Mr. Salim, what the Parliamentary Affairs Minister is telling is, whether you are withdrawing that statement or not. That is, he wants you to withdraw whatever you said.

SHRI MOHAMMAD SALIM: How can I? The Speaker has already given the ruling. Now after the ruling, if somebody else is giving a ruling, I cannot abide by every ruling. I only abide by the ruling of the Chair. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Anyhow, the House will be adjourned up to 2.30 p.m. I will adjourn the House till 2.30 p.m. and then we will continue.

14.10 hours

The Lok Sabha then adjourned till

Thirty Minutes past Fourteen of the Clock.

14.30 hours

The Lok Sabha re-assembled at Thirty Minutes

Past Fourteen of the Clock.

(Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

श्री गणेश सिंह (सतना) : उपाध्यक्ष जी, जो विÂाय अभी इसके पहले माननीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री जी ने उठाया था कि माननीय सदस्य ने जो बोला था, वह उसे वापस ले लें। इतना ही नहीं, बल्कि उन्हें तो क्षमा भी माँगनी चाहिए, बहुत असत्य आरोप उन्होंने लगाए हैं। मैं उनसे यह आग्रह करूँगा।

DR. KIRIT SOMAIYA (MUMBAI NORTH EAST): Sir, I have a Point of Order. Rules 352 and 353, which the hon. Member has referred to clearly and categorically state that he should not have made such type of a statement without verifying, without authenticating and without issuing notice. It is because during lunch time when I went home I saw that all TV channels were flashing Md. Salim's statement, which is derogatory for the country क्योंकि उन्होंने गृह मंत्री के खिलाफ इस प्रकार का आरोप लगाया है। उन्होंने यह गलत काम किया है। उनको माफी मांगनी चाहिए।...(व्यवधान)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Deputy-Speaker, Sir, I would like to refer to Rule 349. Clause (i) of Rule 349 says:

> "Whilst the House is sitting, a Member shall not read any book, newspaper or letter except in connection with the business of the House."

Here, Md. Salim has quoted the name of the magazine 'Outlook'. He has not made any allegation. He has only quoted it as per clause 349 (i). There is no defamatory statement on his part. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: It is alright.

...(*Interruptions*)

SHRI N.K. PREMACHANDRAN: Please let me complete. ...(*Interruptions*) I also like to refer to Rule 352 (ii) which is essentially in connection with the discussion of the matter pending before the House. Definitely, he can do it. ...(*Interruptions*) So, no defamatory statement has been made on his part. He only made a quotation that is fully in consonance with the Rules and Procedures of this House. ...(*Interruptions*)

SHRI P.P. CHAUDHARY (PALI): Hon. Deputy-Speaker, Sir, he has not only quoted that but thereafter he relied upon that. That is the whole thing. Quoting of passage from a magazine is a different thing but after quoting he said that this is the state of affairs and asked the hon. Minister to make a statement on the matter. So, he relied upon that. So, Hon. Member, Shri Premachandran's saying that he only quoted it is wrong. He not only quoted it but relied upon it....(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Trivedi *ji*, do you want to say something?

...(*Interruptions*)

SHRI DINESH TRIVEDI (BARRACKPUR): Sir, I am just wondering whether we have tolerance to accept whatever is being said. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Please quote the Rule. Do you want to quote any Rule?

...(*Interruptions*)

SHRI DINESH TRIVEDI: I am afraid and very sad that this also is a reflection of intolerance.

HON. DEPUTY SPEAKER: If you want to say anything, please quote the specific rule.

...(*Interruptions*)

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव प्रताप रूडी): महोदय, बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की स्पीकर साहिबा ने अध्यक्षता की और विपक्ष की तरफ से, सभी पार्टियों की तरफ से कहा गया कि सरकार इस मोशन पर विमर्श करने के लिए चर्चा स्वीकार करे। हमने इसे सहÂान स्वीकार किया और कहा कि आप जैसे, जहाँ, जिस समय चर्चा करना चाहें करायें और आज जीरो ऑवर भी छोड़कर, 377 भी ले करकर इस बहस की चर्चा शुरू की। मुझे लगता है कि यह करूणाकरण जी की बहस थी, उन्होंने मोहम्मद सलीम जी को अवसर दिया और हमने भी स्वीकार किया। यहाँ तक कि हम एक कदम और आगे गए, कांग्रेस के वक्ता, हमारे मित्र बोलना चाहते थे, हमने कहा कि हम दूसरा स्पीकर नहीं बनेंगे, कांग्रेस को भी हम अनुमति देंगे कि आप पृथा तोड़ते हुए दूसरे स्पीकर बन जाएं। तीसरा भारतीय जनता पार्टी की तरफ से होगा। यह सब कुछ हम लोग बड़े आराम से स्वीकार करते गए। उसके बाद जिस वक्तव्य में किसी एक टिप्पणी का आधार बनाते हुए हमने यह नहीं कहा कि आप गलत हैं या सही हैं, आपने उस कागज़ पर, जो कि एक पत्रिका का कागज़ था, उस पर ऑथैन्टिकेट किया, लेकिन कहीं भी आपने उस आरोप को भी ऑथैन्टिकेट किया है या नहीं, वह सच है या नहीं, गृह मंत्री ने स्वयं उठकर यह बात कही कि यह गलत है। मैं समझता हूँ और माननीय सदस्य भी इस बात से सहमत होंगे कि जब उनके पास तथ्यों का आधार नहीं है, उन्होंने किसी पत्रिका को क्वोट किया है तो सहज ही उस स्टेटमैंट को विदड्रा कर लेते और कहते कि मेरी मंशा नहीं थी, अगर वह गलत है तो मैं विदड्रा कर रहा हूँ। उसके बाद यदि आवश्यकता हो तो वह आज भी सदन की संपत्ति है। आज की तारीख में यदि वे उस वक्तव्य से सहमत नहीं हैं और हमें लगा कि हम पर आघात हुआ है, गृह मंत्री ने एक ऐसा बयान दिया कि देश के किसी भी गृह मंत्री को उस पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है अगर इस प्रकार का उनका बयान हो। वैसी स्थिति में हमारी तरफ से कोई ऐसा बयान नहीं है जो कनफ्रंटेशन का है। हम माननीय सदस्य मोहम्मद सलीम से आग्रह करेंगे कि आप कृपया इस वक्तव्य को विदड्रा कर लें ताकि सदन को हम चला सकें और यदि इसमें सत्यता होगी तो आप समझें कि देश के गृह मंत्री ने क्या कहा है। देश के गृह मंत्री ने कहा कि इसमें अगर एक अंश भी सत्यता हो तो वैसे व्यक्ति को देश के गृह मंत्री की कुर्सी पर रहने का अधिकार नहीं है। इतने बड़े बयान के बाद भी अगर माननीय सदस्य इस पर सहमति व्यक्त नहीं कर रहे, ...(व्यवधान) और हम बहुत आग्रहपूर्वक कहना चाहेंगे कि हम सब उनके साथ हैं, उस विÂाय पर चर्चा सुनने के लिए साथ हैं, कहीं किसी प्रकार का ऐसा विÂाय नहीं है। एक छोटे से आग्रह में, जिसको पूरा देश देख रहा है, एक बयान, जिस पर हमारी आपत्ति है, गृह मंत्री की आपत्ति है, उस पर भी अगर वे इस बात पर टिके रहें तो हम पूरी की पूरी परंपरा की अवहेलना करेंगे।

SHRI MOHAMMAD SALIM (RAIGANJ): Sir, unnecessarily it is being rewinded and rewinded. स्पीकर महोदया ने कहा - 'pause and proceed'. Instead of pausing, I admitted that you pause that portion and let us proceed with the debate.

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Salim, that is not the rule.

SHRI MOHAMMAD SALIM : What you are saying is that 'unless you do this, we will not allow it to proceed.' This is unfortunate. ...(*Interruptions*)

SHRI M. VEERAPPA MOILY (CHIKKABALLAPUR): Mr. Deputy Speaker, Sir, I have been there in the forenoon session and also heard Salimji and hon. Home Minister.

HON. DEPUTY SPEAKER: If you want to quote any rule, you do it.

SHRI M. VEERAPPA MOILY : No. I am just telling that there is nothing; it is only the emotions which are driving the proceedings of the House today.

Hon. Member Salimji has quoted from the *Outlook* magazine. The question is whether he is authorized to withdraw the statement which appears in the *Outlook*. ...(*Interruptions*) If he is authorized or he obtains some authorization, then he can withdraw.

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Moily, that is not the issue now.

SHRI M. VEERAPPA MOILY: The issue is of withdrawing it. I am not raising it unnecessarily. The only question is if he withdraws, the matter will not end because it is there on record. ...(*Interruptions*)I am telling you that I am helping the House to resolve the question. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Venugopal, do you want to say anything?

SHRI M. VEERAPPA MOILY: Sir, let me complete it. I have not completed yet.

Hon. Home Minister, of course, naturally out of emotions said that 'if I were to be the Home Minister, I would not have given the statement.'

HON. DEPUTY SPEAKER: No, that is different. That is not relevant.

SHRI M. VEERAPPA MOILY: It is relevant. That means to say that the House is surcharged by emotions. ...(*Interruptions*)

Sir, it has appeared in the magazine. If the Home Minister says that he has not given that statement and he disowns the statement, that is the end of the matter. Where is the question of hon. Member withdrawing it? I do not understand the logic of asking the hon. Minister to withdraw it when the Home Minister can rise and say that he disowns the statement.

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Hon. Deputy Speaker, Sir, hon. Member Shri Salim only quoted a statement which appeared in the *Outlook* as per Rules 349 and 352. The rule allows him to quote a magazine.

HON. DEPUTY SPEAKER: That is alright.

SHRI K.C. VENUGOPAL: Sir, I have a point. Already the hon. Speaker has given a ruling. Government is imposing another ruling.

SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI (NEW DELHI): Hon. Deputy Speaker, Sir, a statement has been made by a senior Member in this House against or accusing the Home Minister of making a particular statement and he has relied upon that. That is to begin with.

The second part is that an unauthenticated and unverified statement cited to be made by the Home Minister is written in a magazine which has not been authenticated by the hon. Member. When the Home Minister has made the statement in the House and has disowned it, as Shri Veerappa Moily

said, then, to keep that statement on record, of an unverified statement, is incorrect and improper because the sanctity of this House is far greater than a journalist sitting elsewhere, who is quoting things from nowhere. It is the sanctity of this House which is at stake, to begin with, and in my opinion, this is a case of privilege motion to be brought against not only the Member but also the journalist.

HON. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Salim, do you have to say anything against what the Minister has said?

SHRI MOHAMMAD SALIM : To whom should I respond, Sir? Should I respond to you, Sir, or to the Minister, or to the Member who wanted a privilege motion?

HON. DEPUTY-SPEAKER: You may respond to what the Parliamentary Affairs Minister has said.

SHRI MOHAMMAD SALIM : Please help me, Sir. ...(*Interruptions*)

श्री हुकुम सिंह (कैराना) : मान्यवर, आज जिस प्रकार से एक सम्मानित सदस्य ने माननीय गृह मंत्री पर गम्भीर आरोप लगाये हैं और बिना पुÂिट के आरोप लगाये हैं, बिना प्रमाण के आरोप लगाये हैं और जब उन आरोपों को गृह मंत्री जी ने चुनौती दी तो उन्होंने एक मैगजीन को कोट किया कि इसमें यह अंश छपा हुआ है। मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि यह आरोप ऐसा है, जिस समय से...(व्यवधान) मान्यवर, मैं बस खत्म कर रहा हूं। मेरा भी विशेÂाधिकार हनन का नोटिस है, माननीय सदस्य के खिलाफ भी और एडीटर के खिलाफ भी, उस पर गौर किया जाये और दोनों में नियमों के अन्तर्गत कार्रवाई की जाये, वरना सदन का कोई मतलब नहीं रहेगा, जो जिसकी मर्जी आएगी, वह बोलेगा। जिसकी जो मर्जी आएगी, वह आरोप लगाएगा। इस आरोप-प्रत्यारोप को रोकने के लिए अब एक ऐसी चुनौती की घड़ी आई है कि आप अनुशासन को कायम रखने के लिए इन दोनों के खिलाफ मेरे नोटिस को स्वीकार करें और सदन उनके खिलाफ कार्रवाई करे।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Sir, such an important issue is not being discussed. 'Intolerance' is the most important subject. It appears to me that both the CPM and the BJP have decided not to allow the discussion to go further. Something is being said from here and they are opposing it from there. All the other political parties which have something to submit over here are not being allowed to proceed further. Thus, it is leading to some sort of conclusion. Therefore, if both the CPM and the BJP are in connivance, I would request that it should be withdrawn and the House should run. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 3.15 p.m.

14.43 hours

The Lok Sabha then adjourned till

Fifteen Minutes past Fifteen of the Clock.

15.16 hours

The Lok Sabha re-assembled at Sixteen Minutes past

Fifteen of the Clock.

(Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

*m05

SHRI MOHAMMAD SALIM (RAIGANJ): Sir, allow me to continue. I am not going back to that. I am not going back from my words. What I have spoken, I have spoken. Let the Speaker take a decision. ...(*Interruptions*) I go by the ruling. She said: "You pause. Do not put it on the record." I quoted in response to that because of authenticity and so many things. I am a Member, a private Member. I cannot go and enquire. Let the Government do that. Let the Secretariat do that. I go by the rules. I have not made any allegations. I have no qualms personally with Shri Rajnath Singh. In fact, I would have been happy if instead of Shri Modiji, Shri Rajnath Singh would have been the Prime Minister. ...(*Interruptions*) क्या उसे भी बोलना मना हैं?...(व्यवधान) क्या मेरी यह इच्छा नहीं हो सकती?...(व्यवधान) क्या आप इतने असहिÂणु हो जाएंगे?...(व्यवधान) क्या मैं एक नागरिक के रूप में बात नहीं कर सकता?...(व्यवधान)

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वैंकैय्या नायडू) : कम्युनिस्ट वालों के हाथों में आ जाए, तो कभी कुछ होता नहीं। इसलिए लोगों ने इन्हें दिया नहीं। मेरा कहना इतना ही है कि a Member made an allegation which has been contested. Rules are there. Let the Chair go through the rules, give a ruling and then move forward. That should be the thing. If somebody says that it would have been better if Shri Karunakaran would have become the General Secretary instead of Shri Sitaram Yechury. It would be like that only. Let us not get into that unnecessarily. You go by the rules and give your rulings. ...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: The House stands adjourned to meet at 4.00 p.m.

15.18 hours

The Lok Sabha then adjourned till Sixteen of the Clock.

16.01 hours

The Lok Sabha re-assembled at One Minute past

Sixteen of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair*)

RULING BY THE SPEAKER

HON. SPEAKER: Hon. Members, during the discussion under rule 193 on the situation arising out of incidents of intolerance in the country, Shri Mohammad Salim made certain allegations against the hon. Home Minister. I have heard the submissions made by Shri Bhartruhari Mahtab and other Members also in this regard. Under the provisions of rule 353 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, no allegation by a Member may be made unless an adequate notice has been given. After due consideration, I find that the statements by Shri Mohammad Salim have been made without giving advance notice. Therefore, the remarks of Shri Mohammad Salim shall not form part of the proceedings.

माननीय अध्यक्ष : एक और बात आप सभी को बतानी है कि इसको केवल दो घंटे एलॉट हुए हैं। तो प्लीज बी ब्रीफ।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: At least I must suggest.

...(*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Our Members also have to speak. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You know it better.

...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : चलाइए न। आप एकदम क्यों खड़े होते हैं?

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने आपको 72 मिनट के लिए भी नहीं रोका।

â€¦(व्यवधान)

PROF. SAUGATA ROY : We should also get time. Every time, we are not getting time to speak. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : अभी नहीं। आप भी बोलेंगे। मैंने किसी को बोलने के लिए मना नहीं किया। मैंने कहा कि समय का थोड़ा ध्यान रखें, थोड़ा शार्ट।

â€¦(व्यवधान)

PROF. SAUGATA ROY: Our Members also want to speak. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आपने तो अभी शुरूआत ही नहीं की। क्यों विरोध करते हैं?

â€¦(व्यवधान)

PROF. SAUGATA ROY: I want a clarification. ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आपको मालूम है कि दो घंटे यानी दो घंटे।

â€¦(व्यवधान)

PROF. SAUGATA ROY : I want a simple clarification. You just said what Shri Salim said about the Home Minister will not form part of the proceedings. Are you expunging it under rule 380 or using any other rule? Please tell us about it because if a Member's speech is to be expunged it can only be done mentioning the rule. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: About that only I told you. It is there.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: How can I remove the whole of his speech? मैंने एलीगेशन की जब बात कही है, तो वही बात हो गई। सौगत राय जी, पूरी स्पीच कैसे करूंगी?

...(*Interruptions*)

PROF. SAUGATA ROY: I am asking, for even this part of the speech, are you using rule 380? ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : जहां-जहां ऐसे एलीगेशन बार-बार अगर आए हों तो पूरा चला जाएगा। You know it better than me.

...(*Interruptions*)

श्री मोहम्मद सलीम (रायगंज) : अरूण शौरी जी, अपने इंटरव्यू में बोले, हमारे फार्मर मिनिस्टर एनडीए की वाजपेयी जी की सरकार में मंत्री रहे हैं। ...(व्यवधान) ठीक है, उनकी बात मैं नहीं करूंगा। हबीब जालिब के एक सेर का मिसरा है। ...(व्यवधान) तुमसे पहले वो जो एक शख्स यहां तख्त नशीं था, उसको भी अपने खुदा होने पे इतना ही यकीं था, जितना हमारी माननीय सदस्या यकीन कर रही हैं। ...(व्यवधान)

मैडम, मैं चर्चा चाह रहा था। हमारे लोग चर्चा चाह रहे थे। ...(व्यवधान) मैं लोक सभा की प्रोसीडिंग से कोट कर सकता हूं। ...(व्यवधान) मैं राज्य सभा की नहीं करूंगा। आप फिर उठेंगे, रूल्स बतायेंगे। मैं लोक सभा की बात करूंगा। दिनांक 11.06.2014, आदरणीय प्रधानमंत्री जी आपको एड्रेस करके बोले हैं। मैं बाकी चीजों की तरफ नहीं जाऊंगा। वह बहुत अच्छा स्पीच था, जब वह प्रधानमंत्री बने थे। "1200 साल की गुलामी मानसिकता हमें परेशान कर रही है। बहुत बार हम से थोड़ा ऊँचा व्यक्ति मिले तो सर ऊँचा करके बात करने की हमारी ताकत नहीं होती। दो सौ सात आदिवासी से लेकर, वापेकर बूदर्स से लेकर, भगत सिंह, अशफ़ाकुल्ला, चन्द्रशेखर आजाद से लेकर, खुदीराम, कन्हाई लाल तक फांसी की सूली पर चढ़ गये लेकिन अंग्रेज शासन से, कोलिनयनल शासन से आंख से आंख मिला कर बात करने की कोशिश की, उन्होंने कभी सर नहीं झुकाये।"

उसके लिए हमें गर्व है। अल्लूरी सीताराम राजू हों, मैं सभी का नाम नहीं बोलूंगा, पूरे देश के हर प्रान्त में, मणिपुर से लेकर केरल तक...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : मोहम्मद सलीम साहब, इसमें गलत क्या है? यह सबको पता है। ...(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : कबीर का दोहा है। कबीर का दोहा सुनिए।...(व्यवधान)

"मेरा तेरा मनवा कैसे एक होई रे,

तू कहता कागज की लेखी,

मैं कहता आंखों की देखी।"

पिछले कई महीनों से जो पूरे देश में हो रहा है, मैं उसका वर्णन नहीं कर रहा हूं, बल्कि हकीकत सामने है और आपके नेतागण भी उसको मान रहे हैं। ...(व्यवधान) मैं किसी कि नाम नहीं ले रहा हूं।

माननीय अध्यक्ष : आप उनके प्रश्नों का जवाब नहीं दीजिए, आप अपनी बात सदन में रखें।

श्री मोहम्मद सलीम : वÂान 1984 में जो सिखों के साथ जो हुआ तो देश ने उसे सहन किया। यूपीए-वन के समय में जब नानावती कमीशन की रिपोर्ट आयी, मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, फिर से कानून लागू हो, उसका पालन हो, रिपोर्ट की सिफारिश लागू हो, क्या उसकी चर्चा नहीं हुयी? आप कोई भी पाप करो और कहें कि पहले वाले ने भी पाप किया था तो पाप का सिलसिला चलता रहेगा। वह कहीं न कहीं तो थमेगा।...(व्यवधान) अन्याय आप करें या मैं करूं, अन्याय, अन्याय है। ...(व्यवधान) मैं तो यह कह रहा हूं। ...(व्यवधान) यह हिम्मत रखें। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बैठे-बैठे कमेंट्स नहीं करें।

â€¦(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : मैं बचपन में स्कूल में पढ़ता था तो अक्सर यह गीत गाया जाता था। वह कविता है -

"हौ धरोमेते धीर,

हौ करोमेते वीर,

हौ उन्नतशीन नाहीं भय ।"

